भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +127
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों पर रोजगार सृजन

+127. श्रीमती पूनम महाजन:
श्री जी एम सिद्धेश्वर:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि केंद्र सरकार ने पर्यटन स्थलों पर रोजगार के सृजन के लिए बड़े पैमाने पर संभावनाओं पर ध्यान दिया है और संसाधन के दोहन के लिए गंभीर होमवर्क किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा पर्यटन स्थलों के नाम क्या हैं, जहां स्थानीय लोग केंद्र सरकार द्वारा की गई पहल से वास्तव में लाभान्वित हुए हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि केंद्र सरकार की अगले तीन वर्षों में विशेष रूप से तैयार किए गए मास्टर प्लान के आधार पर देश के प्रत्येक राज्य में संवर्धन और विकास के लिए नए पर्यटन स्थलों की पहचान करने की कतिपय योजनाएं हैं जिसमें उन्हें बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के साथ संभावित पर्यटन स्थलों के रूप में बढ़ावा दिया और विकसित किया जाएगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार, विशेष रूप से महाराष्ट्र के संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय ने सात प्रतिष्ठित स्थलों अर्थात आगरा में ताजमहल, दिल्ली में हुमायूं का मकबरा, लाल किला, कुतुब मीनार, बिहार में महाबोधि मंदिर, गोवा में कोलवा बीच और असम में काजीरंगा में गंतव्य आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2019-20 से प्रारंभ किया है जिसका उद्देश्य इन पर्यटन स्थलों एवं गंतव्यों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करना, उनका उन्नयन करना और उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2020-21 में जारी रहा है और बढ़कर 150 से भी अधिक नए गंतव्यों तक पहुंच गया है। तथापि, कोविड 19 महामारी के कारण यह कार्यक्रम 44 गंतव्यो पर आयोजित हुआ है। गंतव्यों की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी है। अब तक 24 गंतव्यों पर यह कार्यक्रम हो चुका है। गंतव्यों की सूची अनुबंध-II में दी गई है।

(ग और घ) : महाराष्ट्र राज्य सरकार सहित पर्यटन स्थलों का विकास और उनकी पहचान करना मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार स्वदेश दर्शन, प्रशाद तथा केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी योजनाओं के अंतर्गत पर्यटको को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केंद्रीय एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन योजनाओं के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनो के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है।

****

अनुबंध-I

पर्यटन स्थलों पर रोजगार का सृजन के सम्बन्ध में दिनांक 29.11.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 127 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

क्र. सं.	गंतव्यों का नाम	राज्य
1	एलीफेंटा गुफाएं	मुंबई
2	अम्बर फोर्ट	राजस्थान
3	श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर	केरल
4	बेकल किला	केरल
5	लेह पैलेस	लद्दाख
6	भेड़ाघाट	जबलपुर
7	वैष्णो देवी (कटरा)	जम्मू और कश्मीर
8	भद्रवाह	जम्मू और कश्मीर
9	बद्रीनाथ	उत्तराखंड
10	गंगोत्री	उत्तराखंड
11	ग्वालियर का किला	मध्य प्रदेश
12	ताज महल, आगरा	उत्तर प्रदेश
13	कैलाश नाथ मंदिर, कांचीपुरम	तमिलनाडु
14	महाबलीपुरम	तमिलनाडु
15	पहलगाम	जम्मू और कश्मीर
16	चेरापूंजी	मेघालय
17	लिविंग रूट ब्रिज	मेघालय
18	रामप्पा मंदिर, वारंगल	तेलंगाना
19	गोलकुंडा किला, हैदराबाद	तेलंगाना
20	मालनिथन	अरुणाचल प्रदेश
21	डूरजीलिंग	अरुणाचल प्रदेश
22	जीरो, लोअर सुबनसिरी	अरुणाचल प्रदेश
23	नामसाई, नामसाई जिला	अरुणाचल प्रदेश
24	हम्पी	कर्नाटक
25	ओरछा	मध्य प्रदेश
26	काजीरंगा	असम
27	कामाख्या मंदिर	असम
28	फ़ॉकलैंड, आइजोल	मिजोरम

29	फौंगपुई तांग (लवंगतलाई)	मिजोरम
30	लियनछियारी लंगलेन तांग, डूंगतलांग (चम्फाई)	मिजोरम
31	रीक (ममित)	मिजोरम
32	भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलाश्रय	मध्य प्रदेश
33	रॉक-कट मंदिर	हिमाचल प्रदेश
34	ब्रह्म सरोवर	हरियाणा
35	शेखचिल्ली का मकबरा	हरियाणा
36	मैकलोडगंज	हिमाचल प्रदेश
37	वैशाली	बिहार
38	आनंदपुर साहिब	पंजाब
39	पतरातू	झारखंड
40	मंगोलिया सूर्यास्त बिंदु	झारखंड
41	रामेश्वरम	तमिलनाडु
42	पन्ना	मध्य प्रदेश
43	स्वर्ण मंदिर अमृतसर	पंजाब
44	अग्रसेन की बावली	दिल्ली

****

अनुबंध-II

पर्यटन स्थलों पर रोजगार का सृजन के सम्बन्ध में दिनांक 29.11.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 127 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में विवरण

क्र. सं.	गंतव्यों का नाम	राज्य
1	नामसाई	अरुणाचल प्रदेश
2	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश
3	काजीरंगा	असम
4	कामाख्या मंदिर	असम
5	हरिहर नाथ मंदिर, सोनपुर, बिहार	बिहार
6	मैकलोडगंज	हिमाचल प्रदेश
7	पतरातू, झारखंड	झारखंड
8	हम्पी	कर्नाटक
9	सर्वंगोलोबेला	कर्नाटक
10	मैसूर पैलेस अंबा विलास	कर्नाटक
11	ओरछा	मध्य प्रदेश
12	भेड़ाघाट	मध्य प्रदेश
13	ग्वालियर का किला	मध्य प्रदेश
14	ताजमहल, आगरा, यूपी	उत्तर प्रदेश
15	लिविंग रूट ब्रिज चेरापूंजी	मेघालय
16	मावफलांग पवित्र उपवन	मेघालय
17	महाबलीपुरम	तमिलनाडु
18	कैलाश नाथ मंदिर, कांचीपुरम	तमिलनाडु
19	वैष्णोदेवी (कटरा)	जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश
20	गुलमर्ग (टंगमर्ग)	जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश
21	लेह पैलेस	लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश
22	चित्रकूट	उत्तर प्रदेश
23	फतेहपुर सीकरी	उत्तर प्रदेश
24	गंगोत्री	उत्तराखंड

****